कार्यालय :– सचिव, उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद् रामनगर, (नैनीताल)

पत्रांक :– इन्सपायर छात्रवृत्ति/ 211 /2019–20 दिनांक 16, नवम्बर, 2019

विज्ञप्ति

भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा INSPIRE (Innovation in science pursuit for inspired Research) योजना के अन्तर्गत Scholarship for higher Education (SHE) हेतु मान्यता प्राप्त कालेज एवं विश्वविद्यालय में Three years B.Sc., B.Sc (Hons), four years B.S. and five years Integreated M.Sc./M.S. Programme में अध्ययन करने वाले विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है। मंत्रालय द्वारा इस छात्रवृत्ति के लिए अर्ह विद्यार्थियों का चयन इण्टरमीडिएट की परिषदीय परीक्षा **2019 में सम्मिलित Top-01 प्रतिशत मैरिट में** उत्तीर्ण **विज्ञान विषय** के परीक्षार्थियों में से किया जाना है। चयनित विद्यार्थियों को प्रतिवर्ष रू0 80,000.00 (रू0 अस्सी हजार मात्र) की छात्रवृत्ति उच्च शिक्षा हेतु पांच वर्षों तक (शर्तो के अधीन) प्रदान की जायेगी। इस छात्रवृत्ति हेतु आवेदन के लिए अर्ह (83.20% या इससे अधिक प्राप्तांक वाले) विद्यार्थियों को उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद्, रामनगर (नैनीताल) द्वारा **मैरिट प्रमाण पत्र** पृथक से प्रदान किया गया है। ऐसे विद्यार्थी जो इस छात्रवृत्ति हेतु आवेदन करना चाहते हैं, वे मंत्रालय की **वेबसाइट http://www.online-inspire.gov.in एवं www.inspire-dst.gov.in** पर दिनांक **31 दिसम्बर, 2019 सायं 5.00 बजे** से पूर्व अपना रजिस्ट्रेशन एवं ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। छात्रवृत्ति सम्बन्धी विस्तृत सूचनायें मंत्रालय की उक्त वेबसाइट से प्राप्त कर सकते हैं। ऑनलाइन आवेदन की प्रिंट आउट की प्रति उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद्, रामनगर (नैनीताल) को कदापि प्रेषित न करें। परिषद् द्वारा प्रदत्त **मैरिट प्रमाण पत्र छात्रवृत्ति प्रदान करने की कोई गारन्टी नहीं देता है, केवल आवेदन करने हेतु अर्ह** बनाता है। छात्रवृत्ति का **अंतिम आंवटन मंत्रालय द्वारा निर्धारित कोटे के आधार पर बनाई गयी योग्यता सूची** (Shortlist) **के अनुसार** होता है, जिसमें **परिषद् कार्यालय की कोई भूमिका नहीं है।**

(डॉ0 नीता तिवारी)
सचिव
उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद,
रामनगर (नैनीताल)।